HINDI

BUSH FIRE SAFETY

NSW RURAL FIRE SERVICE

घास की आग

घास की आग तेजी से फैलती है और जीवन, संपत्ति, फसलों और पशुधन के लिए खतरनाक हो सकती है

खुद की सुरक्षा करें

घास की आग जल्दी शुरू होकर तेजी से फैल सकती है और लोगों को बिना किसी चेतावनी के प्रभावित कर सकती है। घास की आग बहुत गर्म होती है और गर्मी की भारी मात्रा पैदा कर सकती है जोकि बाहर खुले में किसी की भी मृत्यु का कारण बन सकती है।

घास की आग के दौरान सबसे सुरक्षित जगह आग से अच्छी तरह से दूर रहना होती है। घास की आग के आस-पास जली हुई ज़मीन को हमेशा एक सुरक्षित आश्रय के रूप में अपने मन में रखें। यदि आपको घास की आग से खतरा हो, तो अपनी त्वचा के सभी अनावृत्त हिस्सों को निम्नलिखित प्रकार के सुरक्षात्मक कपड़ों से सुरक्षित रखें:

- ☐ कपास जैसे एक प्राकृतिक फाइबर से बनी लंबी बाजू की कमीज और पैंट।
- ☐ चमड़े के मजबूत जूते और ऊनी मोजे।
- ☐ चमड़े के दस्ताने।
- ☐ एक चौड़े किनारों वाली टोपी।
- ☐ अपने मुंह और नाक को कवर करने के लिए एक चेहरे का नकाब या तौलिया।
- ☐ आखों के लिए संरक्षण, जैसे धूपी चश्मे।

अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए खूब पानी पीएं और अपनी शारीरिक तंदुस्ती के स्तर, गर्मी से थकावट, हीट स्ट्रोक और सनबर्न के बारे में पता रखना सुनिश्चित करें।

अपनी संपत्ति, पशुओं और फसलों की रक्षा करना

फायरब्रेक्स का महत्व:

- इमारतों, फसलों, चारागाहों, भंडारण-क्षेत्रों, बाड़ की मुख्य रेखाओं और अन्य खुले इलाकों के आस-पास वसंत के समय फायरब्रेक्स की तैयारी जैसे कटाई, चराई, ब्रश से कटाई या उखाड़ने से गर्मियों के दौरान आग से लड़ने में बहुत मदद मिलेगी।
- अपनी संपत्ति से आग के निकलने को रोकने और आग के प्रवेश की संभावना को कम करने के एक साधन के रूप में प्रभावी फायर ब्रेक्स का निर्माण करें।
- जहाँ व्यावहारिक हो, फायर ब्रेक्स की अवरचना पेड़ों से बचकर की जानी चाहिए जिससे कि पेड़ों के चारों ओर एक अतिरिक्त ब्रेक भी मिल पाए।
- पड़ोसियों के साथ मिलकर प्रभावी फायर ब्रेक्स का निर्माण करें।

आग की सभी घटनाओं को 000 पर रिपोर्ट करें।

Interpreter 131450

PREPARE. ACT. SURVIVE. | BUSH FIRE INFORMATION LINE | 1800 679 737

© State of New South Wales through the NSW RURAL FIRE SERVICE 2013. E1